प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में ज्ञान भारतम् सर्वेक्षण की चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सर्वेक्षण भारत की महान संस्कृति और धरोहर को संरक्षित रखने का एक प्रयास है।

****

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा है कि देश के जनजातीय समुदाय प्रकृति के साथ सामंजस्य का सशक्त प्रतीक हैं और पर्यावरण तथा सांस्कृतिक संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नई दिल्ली में भारत जनजातीय महोत्सव के वन–धन सम्मेलन में, उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का पारंपरिक ज्ञान और टिकाऊ जीवन–शैली विश्व के लिए बहुमूल्य सीख प्रदान करती है।

****

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा है कि रांची के मोरहाबादी में बन रही विश्व स्तरीय लाइब्रेरी झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में एक आदर्श स्थापित करेगी। राज्यपाल आज इस लाइब्रेरी के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पठन–पाठन और अध्यापन के साथ ही यह लाइब्रेरी शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में भी मील का पत्थर साबित होगी। निरीक्षण के दौरान रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी मौजूद थे।

****

सुरक्षाबलों के दबाव और पुनर्वास योजनाओं के चलते पिछले एक दशक में झारखण्ड समेत देश भर में दस हजार से अधिक माओवादियों ने हथियार डाले हैं। इसके साथ ही नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व खत्म कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए 31 मार्च तक की समयसीमा निर्धारित कर रखी है। वर्ष 2025 में 2 हजार तीन सौ माओवादियों ने हथियार डाले और 2026 के पहले तीन महीनों में 630 से अधिक नक्सलियों ने सशस्त्र विद्रोह के बजाय मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना।

****

हजारीबाग में रामनवमी का उल्लास अपने शीर्ष पर है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि अब तक 18 से अधिक झांकियों का प्रवेश जामा मस्जिद रोड पर हो चुका है। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि रामनवमी के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और लोगों में पर्व को लेकर काफी उत्साह है।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग– जेपीएससी की ओर से सिविल सेवा नियुक्ति 2025 के लिए प्रारंभिक परीक्षा 19 अप्रैल को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। इसके लिए राज्य के अलग–अलग जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इस परीक्षा के माध्यम से 103 पदों पर नियुक्ति की जानी है। इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 8 अप्रैल को जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

****

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा–जेटेट के लिए 21 अप्रैल से 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन जमा किये जाएंगे। इसे लेकर झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक ने दिशा निर्देश जारी कर दिया है। बता दें कि राज्य में दस साल के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जा रही है।

****

मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर पूर्वी इलाकों में आज और कल बारिश के साथ वज्रपात का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान 30 से 40 किलामीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवायें चलेंगी। पिछले चौबीस घंटे के दौरान मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 36 दशमलव आठ डिग्री, जबकि रांची का 32 दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

****

इंडियन प्रीमियर क्रिकेट लीग–आईपीएल प्रतियोगिता के दूसरे मैच में आज मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियन्स का सामना कोलकाता नाइट राईडर्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

****